http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 38

प्रयागराज बुधवार 23 अक्टूबर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

## विकास और वैश्विक संगठनों में सुधार के मुद्दों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच बना ब्रिक्स: पीएम

**● ब्रिक्स सम्मेलन के लिए रूस के कजान पहुंचे पीएम मोदी, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत**




नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत ब्रिक्स को अत्यधिक महत्व देता है और यह समूह विकास और वैश्विक संगठनों में सुधार के मुद्दों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। श्री मोदी रूस कजाध्न में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए के लिए रवाना हो चुके हैं। श्री मोदी ने कजान के लिए प्रस्थान करने से पहले सोशल मीडिया पर कहा," मैं वहां विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की आशा करता हूं। मैं वहां विभिन्न नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं।" ब्रिक्स समूह के 16 में शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस की अध्यक्षता में किया जा रहा है श्री मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर इसके लिए 2 दिन कजान में बिताएंगे। रूस के लिए प्रस्थान करने से पहले प्रधानमंत्री ने एक वक्तव्य में कहा," भारत ब्रिक्स देश के बीच घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है । यह मंच वैश्विक विकास के एजेंडा, बहुपक्षवाद की सुधरी व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, जुझारू आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण, सांस्कृतिक और मानवीय जुड़ाव को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। " प्रधानमंत्री ने कहा ,"पिछले साल नए सदस्यों को शामिल करने के साथ ब्रिक्स के विस्तार ने वैश्विक भलाई के लिए इसकी समावेशिता और एजेंडे को बढ़ाया है।" श्री मोदी ने कहा , " गत जुलाई में मॉस्को में आयोजित भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के आधार पर, कजान की मेरी यात्रा भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी।" ब्राजील,रूस, भारत, चीन और ब्राजील ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य हैं। ब्रिक्स के देश दुनिया की महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था है। इस समूह में पांच और नये सदस्यों मिस्र ,इथोपिया,ईरान, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के शामिल होने से इसकी सदस्य संख्या दस हो गयी है।

### सीएम योगी बोले... यूपी में रेशम उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

## यूपीवासियों को मिलेगा रोजगार

**● सिल्क एक्सपो 2024: सीएम योगी बोले- यूपी की प्रगति संतोषजनक पर संभावनाओं को देखते हुए ये पर्याप्त नहीं**




लखनऊ,(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सिल्क एक्सपो 2024 के उदघाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि श्उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं और प्रचुर संसाधन है जिसकी बदौलत यह राज्य भारत को रेडीमेड गारमेंट्स के क्षेत्र में दुनिया में अहम स्थान दिला सकता है। रेडीमेड गारमेंट्स के क्षेत्र में दुनिया के छोटे–छोटे देशों की धमक है। जिन लोगों के पास संसाधन कम और संभावनाएं न के बराबर हैं, वे आगे बढ़ चुके हैं। हमारे पास संभावना और संसाधन भी है। काम चाहने वाली आधी आबादी के बड़े तबके को रेशम उत्पादन, प्रोसेसिंग, रेडिमेड गारमेंट, डिजाइनिंग, मार्किटिंग, पैकेजिंग के साथ जोड़ लें तो दुनिया में रेडिमेड गारमेंट में धमक बनाने वाले देशों का स्थान उत्तर प्रदेश व भारत ले सकता है। इस संभावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का लाभ लेना चाहिए। हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त कीः योगी सीएम योगी ने कहा कि श्हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। एक समय वह जरूर आ सकता है, जब यूपी का किसान रेशम उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा। 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश ने परंपरागत उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए पॉलिसी बनाई। 75 जनपदों के लिए वहां के एक उत्पाद को चिन्हित करते हुए आगे बढ़ाया। यही कारण है कि 75 जनपद का यूनिक प्रोडक्ट है, जिसे हमने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट कहा। ओडीपीओपी को सरकार ने मार्केर्ट, डिजाइनिंग, पैकेजिंग से जोड़ा तो इससे रोजगार का सृजन हुआ और परंपरागत उत्पादों का एक्सपोट 'भी प्रारंभ हुआ। यूपी के 75 जनपदों में 75 जीआई प्रोडक्ट हैं, जिन्हें देश के अंदर मान्यता प्राप्त हुई है। यह संभावना यूपी में हैं। एक नारा हमेशा प्रचलित रहा है, रोटी कपड़ा और मकानः योगी मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान का नारा सदैव से प्रचलित रहा है। जीव सृष्टि व किसी भी व्यक्ति के लिए हवा–पानी तो आवश्यक है ही, लेकिन रोटी, कपड़ा ,मकान भी आवश्यक है। कपड़ा न सिर्फ जीवन की आवश्यकता है, बल्कि किसानों की आमदनी बढाने के साथ ही रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम भी है।

## भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

रायपुर। लद्दाख में ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले लांस हवलदार उमेश कुमार साहू के पार्थिव शरीर का 20 अक्टूबर 2024 को रायपुर हवाई अड्डे पर सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया। एक भव्य समारोह में सेना द्वारा बहादुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हवाई अड्डे पर 21 अक्टूबर 2024 को पैतृक गांव कोडिया, दुर्ग में अंतिम संस्कार समारोह हुआ।



### भारत–सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की छठी बैठक, राजनाथ सिंह बोले...

## दिनोंदिन बढ़ रहा रक्षा सहयोग

**● दिल्ली में भारत-सिंगापुर रक्षा वार्ता, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार**



नई दिल्ली,(एजेंसी)। राजनाथ सिंह ने कहा कि बीते महीने प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान हमारे संबंधों को व्यापक रणनीतिक स्तर तक बढ़ाना हमारे देश के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है। सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन इन दिनों अपने तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली में हैं। यहां आज उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ छठी भारत–सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की वार्ता की सह–अध्यक्षता की। इससे पहले, सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, उन्हें नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर मिला। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। इस वार्ता को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिक्रिया दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि बीते महीने प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान हमारे संबंधों को व्यापक रणनीतिक स्तर तक बढ़ाना हमारे देश के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है। अब दोनों देशों के रक्षामंत्रियों की यह बैठक यह ऐसे समय में हो रही है जब भारत की एक्ट ईस्ट नीति के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस नीति के तहत सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने और क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक कनेक्टिविटी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा सहयोग हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। साझेदारी और तीनों सेनाओं के बीच केंद्रित रक्षा सहयोग तंत्र और निरंतर जुड़ाव के जरिए यह दिनों दिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारी आज की बैठक हमारे द्विपक्षीय संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम को गति प्रदान करेगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय सुरक्षा वास्तुकला को भी मजबूत करेगी पिछले महीने सिंगापुर में आयोजित भारत–सिंगापुर मंत्रिस्तरीय राउंडअप टेबल की दूसरी बैठक में हमारे सहयोगियों द्वारा हासिल की गई सफलता से मेल खाएगा।रक्षा मंत्रालय के मुताबिक बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाना है। दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। भारत और सिंगापुर एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। द्विपक्षीय रक्षा संबंध इस सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। भारत और सिंगापुर के बीच होने वाली चर्चाओं में विविधता आई है।

## बुलंदशहर विस्फोट हादसे में रेस्क्यू आपरेशन पूरा ,छह की मौत

बुलंदशहर,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के के सिकंदराबाद क्षेत्र में सोमवार देर शाम रसोई गैस के फटने से ढहे मकान का मलबा साफ कर लिया गया है। हादसे में देर रात एक और घायल की मौत के बाद मृतकों की संख्या अब छह हो गयी है जबकि दो की हालत चिंताजनक बनी हुयी है। शाम करीब आठ बजे आशापुरी कालोनी में एक महिला रात का भोजन बना रही थी कि गैस सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ और दो मंजिला मकान जमीदोज हो गया। जिलाधिकारी सीपी सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि आशा कॉलोनी में रियासुद्दीन नामक एक व्यक्ति काम करता है। कल रात्रि आठ बजे उसकी पत्नी घर पर भोजन बना रही थी कि तभी सिलेंडर फटने के बाद ढह गया। परिवार में 17–18 लोग रह रहे थे। सिलेंडर फटने की घटना से तीन महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई है सूचना पर एसपी सिटी, एसडीएम सीओ और दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और बचाव में जुटी हैं। फिलहाल जेसीबी की मदद से अभी भी मलबा हटाया जा रहा है। डीएम सीपी सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि रियासुद्दीन के परिवार में 18 से 19 लोग रह रहे थे।




### करणी सेना का खुलेआम एलान

## जो भी पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का करेगा एनकाउंटर, उसे मिलेंगे..



मुंबई,(एजेंसी)। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल ड्रग तस्करी के एक मामले में गुजरात की साबरमती जेल में बंद है।उसने अप्रैल में मुंबई में सलमान खान के घर ग्लैक्सी के बाहर गोलीबारी की। फिर एनसीपी नेता बाबा सिद्दकी की हत्या में नाम सामने आया। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी के बाद से चर्चाओं में है। हालांकि, अब बिश्नोई के एनकाउंटर के लिए क्षत्रिय करणी सेना ने बड़े इनाम का एलान किया है। संगठन के अध्यक्ष राज शेखावत ने लॉरेंस बिश्नोई को मारने वाले किसी भी पुलिस अधिकारी को 1,11,11,111 रुपये (एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हजार ग्यारह सौ ग्यारह) का इनाम देने की घोषणा की है। बता दें कि करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में भी बिश्नोई गैंग का नाम आया था। क्या कहा शेखावत ने? करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह खुलेआम लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी को 1,11,11,111 रुपये देने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, श्हमारे अनमोल रत्न एवं धरोहर अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी के हत्यारे लॉरेंस बिस्नोई का एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी को क्षत्रिय करणी सेना 1,11,11,111 रुपये (एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हजार ग्यारह सौ ग्यारह) पुरस्कार के तौर पर देगी। उस बहादुर पुलिसकर्मी के परिवार की सुरक्षा एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व भी हमारा ही रहेगा। जय मां करणी।श फिलहाल जेल में बंद बिश्नोई लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल ड्रग तस्करी के एक मामले में गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। आपको बताते चलें कि अप्रैल में मुंबई में सलमान खान के घर ग्लैक्सी के बाहर गोलीबारी, फिर एनसीपी नेता बाबा सिद्दकी की हत्या में उसका नाम सामने आया। सोशल मीडिया पर अपलोड वीडियो में क्षत्रिय करणी सेना प्रमुख ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने हमारे अनमोल रत्न और विरासत अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी का हत्यारा है।

## बुलडोजर मामलाः बहराइच हिंसा आरोपियों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हिंसा और दंगों में कथित रूप से शामिल आरोपियों के खिलाफ श्बुलडोजरश चलाने की प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई की जायेगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी यू सिंह और अन्य वकीलों की शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए इस मामले को 23 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कथित रूप से दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ तोड़–फोड़ की कार्रवाई इस आधार पर करना चाहती है कि उनका निर्माण अवैध है। इस पर पीठ ने कहा, ष्आप इस अदालत द्वारा पारित आदेशों से अवगत हैं। यदि वे (राज्य सरकार) इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहते हैं, तो यह उनकी पसंद है।ष पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि उसे बुधवार तक कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने सहमति जताते हुए कहा, ष्हम कुछ नहीं करेंगे।ष उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने बहराइच जिले के एक गांव में धार्मिक जुलूस के दौरान संगीत बजाने को लेकर कथित रूप से सांप्रदायिक हिंसा में शामिल तीन लोगों की अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक अक्टूबर को अपने 17ध सितंबर के आदेश को बढ़ा दिया था कि इस न्यायालय की अनुमति के बिना किसी आपराधिक मामले में शामिल अभियुक्त की संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए राज्यों द्वारा बुलडोजर का उपयोग नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि,तब सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या जल निकायों पर अतिक्रमण से जुड़ी कार्रवाई को छूट दी थी।



## जटिल होते वैश्विक परिवेश में भी भारत का आर्थिक नींव मजबूतः सीतारमण



न्यूयॉर्क,(एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि वैश्विक परिवेश के लगातार जटिल होते जाने के बावजूद भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे मजबूत बने हुए हैं, जो भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत आधार के रूप में काम कर रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने यहां कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक परिचर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2013 में, भारत बाजार विनिमय दरों पर दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। वर्तमान में, यह पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है,और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान लगाया है कि यह 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। वैश्विक विकास में भारत के योगदान में अगले पाँच वर्षों में 200 आधार अंकों की वृद्धि होने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की अच्छी आर्थिक वृद्धि का श्रेय इसके बेहतर कोविड–19 प्रबंधन को दिया जा सकता है, साथ ही सरकार द्वारा अपनी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने, डिजिटल और वित्तीय प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करने, नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाने और व्यापार करने में आसानी बढ़ाने के लिए किए गए उपायों की एक श्रृंखला को भी दिया जा सकता है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि वित्तीय समावेशन के विस्तार ने एक अधिक जीवंत और लचीली वित्तीय प्रणाली बनाई है। बैंक खातों वाले वयस्कों की संख्या 2011 से दोगुनी से अधिक हो गई है, जिससे बचतकर्ताओं और निवेशकों का एक बड़ा समूह उपलब्ध हुआ है। वित्तीय पहुँच में यह वृद्धि, अधिक शिक्षित और कुशल कार्यबल के साथ मिलकर, भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में उभरते रुझानों का लाभ उठाने की स्थिति में ला खड़ा करती है। वित्त मंत्री ने प्रश्नों के उतर में कहा कि भारत की बैंकिंग प्रणाली मजबूत बनी हुई है, जिसमें गैर–निष्पादित परिसंपत्तियों का स्तर कम है और पूंजी पर्याप्तता अनुपात उच्च है। वित्तीय क्षेत्र प्रमुख उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक ऋण प्रदान करके विकास को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी आई है, जिसमें भारतमाला और सागरमाला जैसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं ने पूरे देश में कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है।

## आत्मचिंतन

पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने देश के भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वहां के उप मुख्यमंत्रियों से दो दिन तक मंथन किया । अब मीडिया में यह तो नहीं आया कि इस मंथन की विषय वस्तु क्या थी, परन्तु यह तो निश्चित ही है कि भाजपा के गिरते ग्राफ और कई राज्यों में मुख्यमंत्रियों की प्रति असंतोष पर गहन चर्चा हुई होगी । मीडिया में यह तो आया है कि उत्तर प्रदेश में केशव प्रसाद मौर्य व अन्य उप मुख्यमंत्रियों का योगी जी द्वारा आहूत बैठकों में भाग न लेने को अनुशासनहीनता माना गया है । मैं पहले लिख चुका हूं कि प्रोटोकॉल के अनुसार नड्डा जी को केशव प्रसाद मौर्य को समय देकर उनसे नहीं मिलना चाहिए था । पिछले कुछ दिनों से केशव प्रसाद मौर्य खुलेआम कह रहे हैं कि सरकार से बड़ा संगठन होता है । परन्तु भाजपा का शीर्षस्थ नेतृत्व अभी उत्तर प्रदेश में योगी जी को बदलने नहीं जा रहा है । प्रधानमंत्री तो कई बार कह चुके हैं कि यूपी योगी यानि श्उपयोगीश । यह खबर भी काफी प्रचलित है कि योगी जी प्रधानमंत्री की कुर्सी की ओर देख रहे हैं । परन्तु 2029 के लोकसभा चुनाव में भी अभी मोदी जी ही चौथा टर्म करेंगे । योगी जी की बुलडोजर नीति घरेलू मामले में कामगार हो सकती है, परन्तु अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य के बारे में योगी जी की परीक्षा अभी हुई नहीं हैं । विश्व स्तर पर आज मोदी जी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं । कई करोड़ से ज्यादा विदेशी भी मोदी जी के भक्त हैं । जिस तरह मोदी जी यूक्रेन और रूस तथा रूस और अमरीका के बीच भारत के संबंधों में बैलेंस बनाये हुये हैं, ऐसी डिप्लोमेसी शायद अभी किसी अन्य नेता के पास डिप्लोमेसी नहीं है ।

परन्तु भाजपा की तत्काल चिंता अपना वोट बैंक बढ़ाने की है । 400 पार और स्वयं के लिए 370 का नारा फेल हो गया और भाजपा 240 पर ही सिमट गई । वह स्वयं के 272 जीतकर भाजपा की सरकार नहीं बना पाई । आज गठबंधन की सरकार के प्रधानमंत्री मोदी जी हैं । असल में दूसरी पार्टी से लाये गये लोगों को तत्काल मंत्री बनाने से पुराने भाजपाई खुश नहीं हैं । मध्य प्रदेश में जिस प्रकार विजयपुर के विधायक रामनिवास रावत को पहले राज्य मंत्री और फिर पन्द्रह मिनट बाद कैबिनेट मंत्री बना दिया गया, इससे भाजपाई विधायक आहत हैं । फिर उन्हें मंत्रालय भी उनकी पसंद का दिया गया है । वे भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं । परन्तु अभी तक उन्होंने सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है और न ही विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने दल परिवर्तन के आधार पर उनकी सदस्यता रद्द की है । असल में महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में विधानसभा अध्यक्ष उसी पार्टी का होता है, अतरू वह नियम की अपेक्षा पार्टी हित ज्यादा देखता है ।

आम आदमी पार्टी में स्वाति मालीवाल का प्रकरण भी खबरों में है । असल में कहते हैं, अरविन्द केजरीवाल उनसे राज्यसभा से इस्तीफा देने को कह रहे हैं ताकि मनु सिंघवी को राज्यसभा सदस्य बनाया जा सके । समाजवादी पार्टी में चाचा भतीजे में अन्दर कलह है । यूं बाहरी तौर पर वे इसे प्रकट नहीं करना चाहते । अब विधानसभा में कौन लीडर ऑफ अपोजिशन होगा, यह सपा तय नहीं कर पा रही है । कई राजनैतिक दल अपने अन्तर कलह से परेशान हैं । यह स्थिति देश हित में नहीं है । मोदी जी कहते हैं पार्टी से बड़ा देश है ।

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं ।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# पार्टियां और नेता अब प्रतिद्वंद्वी नही बल्कि शत्रु

अजीत द्विवेदी

भारत की राजनीति इतनी विभाजित कभी नहीं रही, जितनी अभी है। पार्टियां और नेता एक दूसरे को अब राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी नहीं मान रहे हैं, बल्कि शत्रु मान रहे हैं। एक समय था जब कहा जाता था कि सब नेता मिले होते हैं। लोग देखते भी थे कि संसद में या विधानसभाओं में या राजनीतिक कार्यक्रमों में एक दूसरे के खिलाफ आग उगलने वाले नेता निजी कार्यक्रमों में एक दूसरे के गले मिलते थे। राजनीति से इतर उनके आपस में अच्छे संबंध होते थे। पक्ष और विपक्ष के नेता आपस में मिलते जुलते थे, बातें करते थे। लेकिन अब यह परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। अगर कहीं पक्ष और विपक्ष के नेताओं के एक दूसरे के प्रति सद्भाव दिखाने की तस्वीरें या खबरें आती हैं तो आश्चर्य ही होता है। ऐसी तस्वीरें आने पर नेता घबरा भी जाते हैं कि कहीं उनके आलाकमान को यह बात बुरी न लग जाए। असल में चुनावी फायदे के लिए वैचारिक और राजनीतिक विभाजन को निजी शत्रुता में बदलने की वजह से ऐसा हुआ।

पिछले कुछ समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के नेताओं को दुश्मन मान कर उनके खिलाफ एक सतत चलने वाले अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नेताओं को भ्रष्ट, परिवारवादी और निकम्मा ठहराना शुरू किया। इससे उनकी पार्टी के नेताओं की मजबूरी हो गई कि वे कांग्रेस और दूसरी भाजपा विरोधी पार्टियों के नेताओं से दूरी बनाएं। धीरे धीरे ऐसी स्थिति आ गई, जब भाजपा के नेता बढ़ चढ़ कर विपक्षी नेताओं को गालियां देने लगे ताकि अपनी स्वामीभक्ति साबित की जा सके। तो दूसरी ओर राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य नेताओं ने नीतियों और सरकार के कामकाज की बजाय नरेंद्र मोदी को शत्रु मान कर सिर्फ उन्हीं को निशाना बनाने की रणनीति अपना ली। पार्टियों और नेताओं के बीच शुरू हुआ यह विभाजन अब जमीनी स्तर पर मतदाताओं तक पहुंच गया है। अब नेता अपने खिलाफ मतदान करने वालों को अपना दुश्मन बताने लगे हैं और खुल कर कहने लगे हैं कि वे उन लोगों का काम नहीं करेंगे, जिन्होंने उनको वोट नहीं दिया। इसकी तीन मिसालें हैं, जो हाल की हैं। बिहार की सीतामढ़ी लोकसभा सीट से चुनाव जीते जनता दल यू के देवेश चंद्र ठाकुर ने नतीजों के बाद कहा कि वे मुस्लिम और यादव लोगों के काम नहीं करेंगे क्योंकि उन्होंने उनको वोट नहीं दिया है।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम और यादव उनके पास आएंगे तो वे उनको चाय पानी करा देंगे लेकिन काम नहीं करेंगे। इसके बाद झारखंड की गोड्डा सीट से जीते भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर भाजपा को 60 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले हैं वहां सामुदायिक केंद्र बनाए जाएंगे, जिनकी लागत 50 से 60 लाख रुपए होगी। तीसरी मिसाल उत्तर प्रदेश की नतौर विधानसभा सीट से जीते भाजपा के ओम कुमार का है, जिन्होंने कहा है कि वे उन लोगों का काम नहीं करेंगे, जिन्होंने उनको वोट नहीं दिया है। वे नगीना सीट से लोकसभा का चुनाव लड़े थे और हार गए थे।

ये तीन प्रतिनिधि घटनाएं हैं, जिनसे पता चलता है कि राजनीतिक विभाजन किस स्तर तक पहुंच गया है। संसद और विधानसभाओं की राजनीति तो एरिना में ग्लैडियटर्स की लड़ाई में पहले ही बदल गई थी अब जमीनी राजनीति और मतदाता भी पार्टी लाइन पर बांटे जाएंगे। वैसे ही जैसे दुनिया भर में फुटबॉल के प्रशंसक बने हैं। सबकी अपनी पसंदीदा टीम होती है, जिसके जीतने पर वे जश्न मनाते हैं और हारने पर मारपीट करते हैं। क्या इसी तरह से अब देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में होगा?

जीता हुआ नेता उन लोगों के काम नहीं करेगा, जो उसकी पार्टी के या उसके विरोधी होंगे! इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम ने अब उम्मीदवारों को यह सुविधा उपलब्ध करा दी है कि उन्हें पता होगा कि किस बूथ पर उन्हें कितने वोट मिले हैं। पहले जब बैलेट से चुनाव होता था तो कई बूथों के बैलेट एक साथ मिला दिए जाते थे और तब उनकी गिनती होती थी, जिससे बूथवार डाटा नहीं मिल पाता था। बहरहाल, ईवीएम की इस सुविधा का लाभ उठा कर सांसद और विधायक उन मतदान केंद्रों की पहचान कर सकते हैं, जहां उनको कम वोट मिले हैं या नहीं मिले हैं और फिर उनके साथ विकास के कार्यों में भेदभाव कर सकते हैं।

लेकिन क्या ऐसा करना शपथ का उल्लंघन नहीं होगा? लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों की शपथ का प्रारूप इस प्रकार होता है, श्मैं, अमुक, जो लोक सभा का सदस्य निर्वाचित या नाम निर्देशित हुआ हूं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं या ईश्वर की शपथ लेता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा, मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला हूं उसके कर्त्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूंगाग्।

राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद के लिए चुने गए या मनोनीत किए गए सदस्यों के लिए भी यही प्रारूप होता है। इसमें साफ साफ लिखा गया है कि चुना गया सदस्य देश के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखेगा। ध्यान रहे भारत का संविधान सभी नागरिकों की समानता की बात करता है और किसी भी आधार पर भेदभाव को निषिद्ध करता है। ऐसे में संविधान को मानने वाला कोई भी व्यक्ति यह कैसे कह सकता है कि वह एक वर्ग के लिए काम करेगा और दूसरे के लिए नहीं करेगा?

यहां एक तकनीकी पहलू है, जिसका इस्तेमाल खुलेआम भेदभाव की बात करने वाले सांसदों और विधायकों के बचाव में किया जा सकता है। वह पहलू यह है कि मंत्रियों के शपथ में एक अतिरिक्त लाइन यह जोड़ी जाती है कि, श्मैं संविधान और विधि के अनुसार सभी प्रकार के लोगों के साथ भय या पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना अच्छा व्यवहार करूंगाग्। यह लाइन सांसदों और विधायकों की शपथ में नहीं होती है। क्या इससे सांसदों और विधायकों को यह छूट मिल जाती है कि वे भेदभाव कर सकें? वे अपने समर्थक मतदाताओं की पहचान करें और उनको ज्यादा महत्व दें?

और वोट नहीं देने वाले मतदाताओं के लिए काम नहीं करें? इससे तो हर चुनाव क्षेत्र में पार्टियों के घेटो बन जाएंगे। सामाजिक स्तर पर इससे कितना बड़ा विद्वेष बढ़ेगा, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। जाति और धर्म के आधार पर गांव गांव में गोलबंदी होगी, आए दिन आपस में झगड़े होंगे और राजनीतिक विभाजन सामाजिक संरचना को बुरी तरह से छिन्न भिन्न कर देगा। इससे पहले कि इक्का दुक्का नेताओं की ओर से दिए जाने वाले बयान सांस्थायिक रूप लें और राजनीतिक विभाजन गांवों, कस्बों तक पहुंच कर सामाजिक ताना बाना तोड़ने लगे उससे पहले इस महामारी को रोकना होगा।

# नदियों की याददाश्त बहुत मजबूत

पंकज चतुर्वेदी

शायद कभी उसका नाम श्सुखीग् नदी होगा लेकिन बहुत दिन उसमें पानी आया नहीं तो नाम हो गया श्सूखी नदीग्। इंसान भी भूल गया कि कभी यहां नदी थी और खाली जगह पर अपनी गाड़ियां खड़ी करने लगा।

नदियों की याददाश्त बहुत मजबूत होती है, वे दो सौ साल अपना रास्ता नहीं भूलतीं, भले ही लुप्त हो जाएं। इस बार आषाढ़ की पहली बारिश में ही नदी अचानक जिंदा हो गई और उनके बहाव में दर्जनों कारें बह गई। यह हुआ हरिद्वार में खड़खड़ी श्मशान के पास।

हर साल की तरह गुरु ग्राम फिर जल ग्राम बन गया। कारण वही है कि असल में जहां पानी भरता है, वह अरावली से चल कर नजफगढ़ में मिलने वाली साहिबी नदी का हजारों साल पुराना मार्ग है, नदी सुखा कर सड़क बनाई गई। अब समाज कहता है कि उसके घर–मोहल्ले में जल भर गया जबकि नदी कहती है कि मेरे घर में इंसान बलात कब्जा किए हुए हैं। देश के छोटे–बड़े शहर–कस्बों में कंक्रीट के जंगल बोने के बाद जलभराव स्थायी समस्या बन गया है।

इसका मूल कारण है कि वहां बहने वाली कोई छोटी सी नदी को समाज ने अस्तित्वहीन समझ कर मिटा दिया। यह तो अब समझ आ रहा है कि समाज, देश और धरती के लिए नदियां बहुत जरूरी हैं, लेकिन अभी यह समझ में आना शेष है कि छोटी नदियों पर ध्यान देना जरूरी है। गंगा, यमुना जैसी बड़ी नदियों को स्वच्छ रखने पर तो बहुत काम हो रहा है, पर ये नदियां बड़ी इसीलिए बनती हैं क्योंकि इनमें बहुत सी छोटी नदियां आकर मिलती हैं, यदि छोटी नदियों में पानी कम होगा तो बड़ी नदी भी सूखी रहेंगी, यदि छोटी नदी में गंदगी या प्रदूषण होगा तो वह बड़ी नदी को प्रभावित करेगा। छोटी नदियां अक्सर गांव, कस्बों में बहुत कम दूरी में बहती हैं। कई बार एक ही नदी के अलग–अलग गांव में अलग–अलग नाम होते हैं। बहुत नदियों का तो रिकार्ड भी नहीं है।

हमारे लोक समाज और प्राचीन मान्यता नदियों और जल को लेकर बहुत अलग थीं, बड़ी नदियों से दूर घर–बस्ती हो। बड़ी नदी को अविरल बहने दिया जाए। कोई बड़ा पर्व या त्योहार हो तो बड़ी नदी के किनारे एकत्र हों, स्नान करें और पूजा करें। छोटी नदी या तालाब या झील के आसपास बस्ती। यह जल संरचना दैनिक कार्य के लिए जैसे स्नान, कपड़े धोने, मवेशी आदि के लिए हो। पीने की पानी के लिए घर–आंगन, मोहल्ले में कुआं, जितना जल चाहिए, श्रम करिए, उतना ही रस्सी से खींच कर



निकालिए।

अब यदि बड़ी नदी बहती रहेगी तो छोटी नदी या तालाब में जल बना रहेगा, यदि तालाब और छोटी नदी में पर्याप्त जल है तो घर के कुएं में जल की कमी नहीं होगी। मोटा अनुमान है कि आज भी देश में कोई 12 हजार छोटी ऐसी नदियां हैं, जो उपेक्षित हैं, उनके अस्तित्व पर खतरा है।

नदियों के इस तरह रूठने और उससे बाढ़ और सुखाड के दर्द साथ–साथ चलने की कहानी देश के हर जिले और कस्बे की है। लोग पानी के लिए पाताल का सीना चीर रहे हैं और निराशा हाथ लगती है, उन्हें यह समझने में दिक्कत हो रही है कि धरती की कोख में जल भंडार तभी लबालब रहता है, जब पास बहने वाली नदियां हंसती–खेलती हों। अंधाधुंध रेत खनन, जमीन पर कब्जा, नदी के बाढ़ क्षेत्र में स्थायी निर्माण ही छोटी नदी के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

दुर्भाग्य से जिला स्तर पर कई छोटी नदियों का राजस्व रिकार्ड नहीं है, उनको शातिर तरीके से नाला बता दिया जाता है। जिस साहिबी नदी पर शहर बसाने से हर साल गुरु ग्राम डूबता है, उसका बहुत सा रिकार्ड ही नहीं है, झारखंड–बिहार में बीते चालीस साल के दौरान हजार से ज्यादा छोटी नदी गुम हो गई। हम यमुना में पैसा लगाते हैं, लेकिन उसमें जहर ला रही हिंडन, काली को और गंदा करते हैं। कुल मिला कर यह नल खुला छोड़ कर पोंछा लगाने का श्रम करना जैसा है।

छोटी नदी केवल पानी के आवागमन का साधन नहीं होतीय उसके चारों तरफ समाज भी होता है और पर्यावरण भी। नदी किनारे किसान भी हैं और कुम्हार भी, मछुआरा भी और धीमर भी। नदी की सेहत बिगड़ी तो तालाब से ले कर कुएं तक में जल का संकट हुआ। सो, परोक्ष और अपरोक्ष समाज का कोई ऐसा वर्ग नहीं है जो इससे प्रभावित नहीं हुआ हो। इन सबसे बचाव का तरीका तो यही है कि सबसे पहले छोटी नदियों का सर्वे और उसके जल तंत्र का दस्तावेजीकरण हो। फिर छोटी नदियों की अविरलता सुनिश्चित हो, फिर उससे रेत उत्खनन और अतिक्रमण को मानव–द्रोह अर्थात हत्या की तरह गंभीर अपराध माना जाए। नदी के सीधे इस्तेमाल से बचें। नदी में पानी रहेगा तो तालाब, जोहड़ समृद्ध रहेंगे और इससे कुएं या भूजल। सबसे बड़ी बात समाज यदि इन नदियों को अपना मान कर सहेजने लगे तो इससे समाज का ही भविष्य उज्जवल होगा।

# हार–जीत से आंदोलन समाप्त नही हुआ

अवधेश कुमार

राहुल गांधी द्वारा हाल में लोक सभा के अंदर और बाहर दिए जा रहे कुछ वक्तव्यों का गहराई से विश्लेषण करने की आवश्यकता है। लोक सभा में उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए हिन्दू शब्द की अपने अनुसार व्याख्या की तो गुजरात के राजकोट में कहा कि आडवाणी जी ने जो अयोध्या आंदोलन आरंभ किया उसे आईएनडीआईए ने हरा दिया है। लोक सभा में उन्होंने कहा कि जो लोग हिन्दू–हिन्दू करते हैं, वो 24 घंटे हिंसा–हिंसा, नफरत–नफरत करते हैं। बाद में उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी पूरा हिन्दू समाज नहीं हैं, भाजपा पूरा हिन्दू समाज नहीं है, संघ पूरा हिन्दू समाज नहीं है।

राजकोट और लोक सभा के दोनों बयान अलग–अलग दिखाई दे सकते हैं, पर हैं दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए और कई मायनों में उससे ज्यादा डरावने जितना हमने पहली दृष्टि में महसूस किया। राहुल गांधी के रणनीतिकार और सलाहकार उन्हें समझा रहे हैं कि संघ, भाजपा और मोदी के वैचारिक व निजी विरोध के तीखे तेवर और हमलावर वक्तव्यों से कांग्रेस को चुनाव में लाभ मिला है, इसलिए आगे और तीखा व हमलावर बनना है। किंतु हिन्दू, हिन्दुत्व और राम जन्मभूमि आंदोलन न दलीय राजनीति का विषय है, और न केवल भाजपा का। क्या फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार की पराजय अयोध्या आंदोलन की पराजय है?

राहुल के सलाहकारों, रणनीतिकारों को या तो अयोध्या आंदोलन और उसके महत्त्व का ज्ञान और अहसास नहीं है, या वो राजनीतिक लाभ के लिए इसे अत्यंत छोटा और भाजपा तक सीमित करने की कुत्सित रणनीति पर चल रहे हैं। न अयोध्या आंदोलन लालकृष्ण आडवाणी ने आरंभ किया और न ही उनके बैठ जाने से यह समाप्त हुआ। सही है कि राजनीति में भाजपा ने ही अयोध्या आंदोलन में एक समय पूरी शक्ति लगाई। 6 दिसम्बर, 1992 के बाद उसकी तीन राज्य सरकारें बर्खास्त हो गई। भाजपा ने 1988 के पालमपुर अधिवेशन में अयोध्या आंदोलन को प्रस्ताव में शामिल किया। उच्चतम न्यायालय के फैसले में भी स्पष्ट है कि यह आंदोलन अंग्रेजों के समय और उसके पहले भी था तथा आजादी के बाद न्यायिक सहित कई स्तरों पर लड़ाई चलती रही। भाजपा ने तय किया कि आंदोलन को धार देने के लिए हमें प्रमुख कार्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए और इसी कारण सोमनाथ से अयोध्या तक आडवाणी जी की रथ यात्रा निश्चित हुई। आडवाणी जी ने 6 दिसम्बर, 1992 के बाबरी विध्वंस के बाद इंडियन एक्सप्रेस में लिखे अपने लेख में इसे जीवन का सबसे दुखद दिन कहा था। उसके बाद वे आंदोलन में सक्रिय नहीं दिखे। क्या इससे बाबरी मस्जिद की जगह श्रीराम मंदिर निर्माण का आंदोलन खत्म हो गया?

विपक्ष की रणनीति अयोध्या पर भाजपा के विचार और व्यवहार को परास्त साबित करने की है। फैजाबाद से जीते सपा सांसद अवधेश प्रसाद को लोक सभा में आगे बिठाकर विपक्ष भाजपा के अंदर सतत पराजय का



भाव स्थापित करने के साथ आम लोगों के जेहन में भी इसे बनाए रखने की रणनीति अपना रहा है। अयोध्या आंदोलन केवल मंदिर निर्माण का आंदोलन नहीं था। भारत सहित संपूर्ण विश्व के हिन्दू समाज को सांस्कृतिक रूप से पुनर्जागृत करने, प्रखर करने और भविष्य में मानवता का नेतृत्व करने की दृष्टि से उसके मानसिक निर्माण का आंदोलन था। यह प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। बावजूद हम देख सकते हैं कि पिछले कुछ वर्षो में संपूर्ण विश्व का हिन्दू अपने धर्म–सभ्यता–संस्कृति, आचार–विचार को लेकर पहले से ज्यादा मुखर और आवश्यकता पड़ने पर आक्रामक हुआ है। इसका असर भारत के साथ उन सारे देशों में है, जहां–जहां हिन्दुओं की ठीकठाक संख्या है। इसके विरोधियों की कोशिश है कि उनके अंदर किसी तरह हीन ग्रंथि पैदा करो। अंग्रेजों ने इतिहास, समाजशास्त्र तथा सभ्यता की व्याख्याओं से हिन्दू समाज के अंदर यही हीन ग्रंथि पैदा की थी जो अभी तक खत्म नहीं हुई है।

राहुल की संसद में कही गई बात या अयोध्या आंदोलन को हराने का वक्तव्य पूरे समाज को फिर से हीन ग्रंथि का शिकार बनाने की कोशिश है। वैसे राहुल और उनके रणनीतिकारों की समझ अयोध्या आंदोलन के बारे में अत्यंत सतही है। 1528 ईस्वीं में मीर बाकी द्वारा श्रीराम मंदिर को तोड़ने के साथ ही देश, काल और परिस्थिति के अनुरूप विरोध और संघर्ष आरंभ हो गया था जो अंग्रेजों के शासनकाल में और आजादी के बाद भी जारी रहा। मंदिर मुक्ति का संघर्ष अत्यंत लंबा है जिसमें सिखों का भी योगदान है। बैरागियों, रामानंदी संप्रदाय से लेकर वैष्णव पंथ के अनेक संतों ने इस आंदोलन में भाग लिया। 1857 की क्रांति के समय बैरागियों और साधु–संतों ने मस्जिद की दीवार पर श्रीराम, सीताराम लिखा और बगल में चबूतरा बना कर उस पर पूजा तक आरंभ की।

प्रश्न है कि क्या आईएनडीआईए ने एक संसदीय चुनाव में विजय प्राप्त कर पूरे आंदोलन को परास्त कर दिया? वैसे अयोध्या नाम का लोक सभा क्षेत्र नहीं है। फैजाबाद लोक सभा क्षेत्र है जहां भाजपा के उम्मीदवार को करीब 4 लाख 99 हजार 522 एवं सपा को 5 लाख 54 हजार 289 वोट मिले। 54 हजार 567 मतों की विजय को क्या पूरे आंदोलन की पराजय मान लिया जाए? दूसरे, अयोध्या में मंदिर निर्माण का आंदोलन अयोध्या तक सीमित नहीं था। पूरे देश में आंदोलन चला। यह एक जिले का सीमित आंदोलन नहीं था। व्यापक लक्ष्यों वाला भौगोलिक दृष्टि से भी व्यापक क्षेत्रों तक विस्तारित आंदोलन था।सच है कि हिन्दुओं का समर्थन भाजपा को अयोध्या के कारण बढ़ना आरंभ हुआ पर 6 दिसम्बर, 1992 के बाद लंबे समय तक भाजपा द्वारा इसके पक्ष में बड़ा आंदोलन न किए जाने तथा अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनने के बाद राम मंदिर पर कोई ठोस पहल न होने से उनकी अपनी ही पार्टी नहीं, संगठन परिवार और देश भर के समर्थकों के अंदर नाराजगी पैदा हुई। वाजपेयी सरकार की 2004 में पराजय के पीछे यह बड़ा कारण था। उस समय भी फैजाबाद से भाजपा के उम्मीदवार पराजित हो गए थे तो क्या उससे अयोध्या आंदोलन ही परास्त हो गया? चुनाव में हार–जीत से किसी आंदोलन के समर्थन या विरोध का मूल्यांकन अपने आप में दोषपूर्ण है। जिस खतरनाक नरेटिव को राहुल गांधी, आईएनडीआईए देश–विदेश के उनके समर्थक बढ़ा रहे हैं, उनको ठीक से समझना और उनका सही विचारों और तथ्यों के साथ प्रतिवाद करना समय की मांग है।

# फैमिली आईडी बनवाने के लिये लोगों करें प्रोत्साहित-डीएम

## जिलाधिकारी ने सीएम डै□ाबोर्ड पोर्टल के सम्बन्ध में समीक्षा की

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय सभागार में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर विद्युत विभाग की समीक्षा में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें डिफाल्डर श्रेणी में पाये जाने, खराब ट्रान्सफार्मर की शिकायत व लम्बित बिल भुगतान के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने

**➤ विद्युत विभाग के कार्यो में लापरवाही पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को दी गयी प्रतिकूल प्रविशिट,**

**➤ डीएम ने सीएम डै□ाबोर्ड की बैठक में अनुपस्थित 02 अधिकारियों को स्पश्टीकरण का दिया निर्दे□ा,**

**➤ सीएम डै□ाबोर्ड पर योजनाओं की रैकिंग ठीक रखें, अन्यथा होगी कार्रवाई—जिलाधिकारी**

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत सत्यपाल को कड़ी फटकार लगायी और प्रतिकूल प्रविष्टि देने हेतु निर्देशित किया। सीएम डैशबोर्ड की बैठक में ए0आर0 को—आपरेटिव एवं खनन इन्सपेक्टर अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। पशुपालन विभाग की समीक्षा में रैकिंग ठीक नही पायी गयी जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं की बैठक करायें तथा गौशालाओं हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाये। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन अधिक संख्या में लम्बित पाये जाने पर नाराजगी जतायी और निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर वृद्धावस्था पेंशन के लम्बित आवेदनों का निस्तारण करायें। इसी



प्रकार सीएम डैशबोर्ड पर लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, माध्यमिक शिक्षा, पर्यटन विभाग, प्रोबेशन विभाग, उद्योग विभाग, सेतु निर्माण, राजस्व विभाग की रैकिंग ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की योजनाओं में रैकिंग ठीक नही है वह रैकिंग ठीक कर लें अन्यथा की स्थिति में आगामी माह में विभागों की रैकिंग ठीक नही पायी जायेगी तो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निधारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें, सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की रैकिंग ठीक रखें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में कदापि न जाने पाये, शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण करायें और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त ढंग से किया जाये और सम्बन्धित शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता भी की जाये।

"फैमिली आईडी—एक परिवार—एक पहचान" की समीक्षा के दौरान आवेदनों की संख्या कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु जनता को फैमिली आईडी बनवाने हेतु प्रोत्साहित करें और इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छेड़खानी के आरोपी को वीआईपी सुविधा का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

कुशीनगर। जनपद के विशुनपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा छेड़खानी और मारपीट सम्बन्धी दिए गए तहरीर में आरोपी सेवा निवृत्त फार्मासिस्ट अशोक यादव का विशुनपुरा थाने में वीआईपी सुविधा का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।फोटो वायरल होने के बाद सवाल उठने लगा कि आखिर एसओ विशुनपुरा का आरोपी से ऐसा क्या सम्बन्ध है कि उन्होंने आरोपी को थाने में शेविंग कराने के लिए नाई उपलब्ध कराया है। इतना ही नहीं जब आरोपी का चालान हुआ और जमानत के लिए तमकुहीराज तहसील में पँहुचा तो वहां भी उसका रूतबा कम नहीं हुआ बल्कि वहां पर कुर्सी पर बैठक कर किसी वीआईपी की तरह मोबाइल देखता दिखा। महिला से छेड़खानी मारपीट के आरोपी का यह ठसक देखने के बाद एसडीएम तमकुहीराज ने उसे जमानत देने के बजाय जेल भेज दिया है।

बताते चलें कि मंगलवार को विशुनपुरा थानाक्षेत्र की एक महिला ने थाने में गौरीश्रीराम पीएचसी पर तैनात एएनएम शैल कुशवाहा के पति, शैल कुशवाहा तथा एक फार्मासिस्ट अशोक यादव पर छेड़खानी, मारपीट और धमकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी थी। तहरीर मिलने के बाद विशुनपुरा थाने की पुलिस ने अशोक यादव, शैल कुशवाहा और उसके पति उमेश कुशवाहा को हिरासत में ले लिया लेकिन अगले दिन बुद्धवार को सोशल मीडिया पर आरोपी अशोक यादव की एक फोटो वायरल होने लगी। जिसमें वह थाने के अंदर वीआईपी सुविधा के साथ कुर्सी पर बैठकर दाढ़ी बनवाते हुए देखा जा सकता है। फोटो वायरल होने के बाद एसओ विशुनपुरा पर यह सवाल खड़े होने लगे कि आखिर आरोपी अशोक यादव और एसओ विशुनपुरा के बीच ऐसा कौन सा सम्बन्ध है कि उनके सामने एक आरोपी की डिमांड पर उसे दाढ़ी बनवाने के लिए अधिकारियों की तरह थाने में ही नाई उपलब्ध करवाया गया और बाकायदा उस आरोपी ने बाहर कुर्सी पर बैठकर दाढ़ी भी बनवाया। हालांकि फोटो वायरल होने के बाद एडिशनल एसपी ने कहा कि मामला गम्भीर है, इस सम्बन्ध में सीओ तमकुहीराज को जांच सौंपी गयी है, जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अब देखना हैं कि सीओ तमकुहीराज अपनी जांच में क्या रिपोर्ट देते हैं और छेड़खानी तथा धमकाने के एक आरोपी को एसओ विशुनपुरा द्वारा वीआईपी सुविधा दिए जाने पर उनके विरुद्ध पुलिस विभाग के जिले के तेज तर्रार एसपी सन्तोष कुमार मिश्रा द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

## युवक की मौत

कुशीनगर। जिले के कसया थाना क्षेत्र के कसया—सपहा मार्ग पर नौगांवा मोड के पास बुद्धवार की देर शाम मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार नौगांवा मोड़ के पास नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नं 3 संत गाडगे नगर (सपहा) निवासी राजन पुत्र स्व रामदेव कुशवाहा किसी कार्य से तुर्कपट्टी की तरफ जा रहा था कि नौगांवा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे राजन बुरी तरह घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से सीएचसी कसया ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विदित हो कि राजन के पिता रामदेव की भी तीन वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। राजन की मौत से मां सहित दो छोटी बहनें अनाथ हो गयी।

## संक्षेप

### 361 कुंतल गेंहू लदा ट्रक लापता

चित्रकूट (आरएनएस)। राजापुर से 30 सितंबर को गेहूं लादकर महाराष्ट्र के लिए निकला ट्रक न पहुंचने से परेशान व्यापारी ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।राजापुर थाना क्षेत्र के पराको गांव निवासी उमेश चंद साहू ने बताया कि कस्बे के गल्ला का काम करते हैं। किसानों से अनाज खरीदते हैं। 30 सितंबर को रात करीब आठ बजे मालिक कृष्ण कुमार पाल के ट्रक में 361 क्विंटल 60 किलो गेंहू लदवा कर महाराष्ट्र अहमद नगर के पुणे नगर की कैसी रोलर फ्लोर मिल भेजा था। लेकिन पांच अक्तूबर को ट्रक मिल नहीं पहुंचा। तो ट्रक लेकर गए मालिक व खलासी को फोन किया तो दोनों ने फोन नहीं उठाया। उसने बताया कि ट्रक में 10 लाख से अधिक कीमत का गेंहू लदा है। उसने कृष्णा कुमार को 75 हजार रुपये नगद भाड़ा अलग से दिया है। ट्रांसपोर्ट कंपनी भी बात किया है तो उसने भी कोई जवाब नहीं दिया।

### सर्प के काटने से किसान की मौत

चित्रकूट (आरएनएस)। सरधुआ थाना क्षेत्र के वीरधुमाई गांव में खेत से घर की ओर जा रहे किसान को सर्प ने डस लिया। जानकारी होते ही परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गांव के अखिलेश कुमार ने बताया कि उसके चाचा मिथलेश कुमार (33) बुधवार की शाम को खेत से घर लौट रहे थे। जैसे ही घर के पास पहुंचे तो रास्ते में उन्हें सर्प ने डस लिया। मदद की पुकार सुन आसपास के लोग एकत्र हुए। सर्प के डसने की जानकारी के बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाये। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। ब्लाक प्रमुख पहाड़ी प्रतिनिधि मंगल यादव ने बताया कि खेती से ही उसका परिवार चलता था। उसके दो पुत्री एक पुत्र है।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव

चित्रकूट (आरएनएस)। भरतकूप थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के नंदकिशोर ने बताया कि वह ट्रक में खलासी का काम करता है। बुधवार को वह काम पर गया था। उसके माता पिता गांव के पुरवा में बने घर में रहते हैं। देर शाम को जब वह लौटा तो उसकी पत्नी पूजा (26) कमरे में फंदे पर लटकी मिली। यह देखते ही उसने चिल्लाकर पड़ोसियों व माता पिता को बुलाया। फंदे से उसे उतारकर पुलिस सूचना दी इसके बाद जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। जानकारी होने पर महिला के मायका नरैनी के करथाल गांव निवासी पिता शिवचरण व अन्य परिजन गांव पहुंचे। मायका पक्ष का कहना है कि अभी इस मामले में कुछ नहीं कहना है। मृतका के दो लडकी एक लडका है। सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि ग्रामीणों व मृतका के रिश्तेदारों ने घरेलू विवाद बताया है लेकिन उसके पति का कहना है कि उससे कोई विवाद नहीं हुआ है। मृतका का मोबाइल भी दो माह से रिचार्ज नहीं हुआ था।

### जल जंगल जमीन के साथ धर्म की रक्षा के लिये भी समर्पित हैं विशाल

सुलतानपुर(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जनपद के रहने वाले आईटीआई डिप्लोमा धारी विशाल कुमार के मन में अचानक ख्याल आया कि क्यों न १२ ज्योतिर्लिंगों की पैदल यात्रा कर समाज को सनातन की रक्षा करने के लिए आगे आने का संदेश दिया जाए और बस फिर क्या था वह निकल पड़े १५००० किलोमीटर की लंबी पदयात्रा के लिये जिसकी शुरुआत उन्होंने वैश्विक धर्म नगरी हरिद्वार से करते हुये केदारनाथ धाम का दर्शन करने के बाद मुरादाबाद के रास्ते १४ अक्टूबर की देर शाम ७५३ किलोमीटर की यात्रा पूरी कर सीता कुंड धाम पहुंचे जहां गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, वरिष्ठ अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने गोमती मित्रों के साथ उनका स्वागत किया व रात्रि विश्राम तथा भोजन आदि की व्यवस्था करने के बाद १५ अक्टूबर को प्रातः उन्हें शुभकामनाओं के साथ आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। विशाल ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य व्यक्तिगत प्रचार न होकर केवल सनातन का प्रचार और लोगों में धर्म की रक्षा की प्रेरणा को जागृत करना है।

### श्रेल कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

जौनपुर (आरएनएस)। जफराबाद थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ रेल प्रखंड पर हौज गांव के पंचायत भवन के सामने बुधवार की रात को ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी।।घटना की सूचना पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हौज शिवाला गांव निवासी 38 वर्षीय सुदर्शन राजभर पुत्र वंशराज राजभर रेलवे में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी था। रात को वह गांव के पंचायत भवन के सामने से रेलवे लाइन को पार कर रहा था।लोगों के अनुसार वह जब रेलवे लाइन पार कर के निकलने वाला था कि उसका एक पैर ट्रैक में फस गया।उसी समय ट्रेन आ गयी।वह उसकी चपेट में आ गया।वह पैर कटने के बाद भी कुछ दूर तक घसीटता हुआ गया।जिसके कारण उसका सिर फट गया।उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।घटना से परिवार में कोहराम मच गया।मृतक तीन बच्चों का पिता था।

### भूख हड़ताल पर बैठैगे कर्मचारी

जौनपुर (आरएनएस) ।108 एवं 102 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की तरफ से जिलाधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिया गया । ज्ञात हो कि 22 सितंबर को उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के द्वारा 108 एवं 102 बर्खास्त 9000 एम्बुलेंस कर्मचारियों के द्वारा 10 सितंबर से 20 सितंबर तक पैदल इटावा से लखनऊ न्याय यात्रा निकाल कर स्वास्थ्य मंत्री आवास का घेराव कर 22 सितंबर को स्वास्थ मंत्री बृजेश पाठक के द्वारा समाप्त कराया गया एवं उनके द्वारा सभी कर्मचारियों को मिठाई भी खिलाया गया 108 व 102 कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया था कि सभी समस्याओं का समाधान एक हफ्ते के अंदर कर दिया जाएगा एक सप्ताह से ज्यादा समय हो जाने पर उचित ठोस निर्णय अभी तक नहीं मिला संगठन ने स्थिति को देखते हुए निर्णय लिया कि सम्पूर्ण कर्मचारी अपने पूरे परिवार के साथ उनके आवास पर बहुत जल्द ही तिथि तय करके प्रशासनिक सूचना के बाद भूख हड़ताल पर शांतिपूर्ण तरीके से बैठेंगे सम्पूर्ण कर्मचारी की एक ही मांग है कि 9000 बर्खास्त कर्मचारियों की वेतन सहित बहाली की जाये वेतन विसंगतियां खत्म की जाय भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जाए । ज्ञापन विवेक कुमार त्रिपाठी एवं जिला अध्यक्ष वाराणसी सुनील शुक्ला एवं उमेश कुमार यादव के द्वारा बृहस्पतिवार को दिया गया।

### कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सोमवार को जन सुनवाई, जनता दर्शन में आए लोगों की विभिन्न प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने के उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई सहित विभिन्न कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सुनवाई के दौरान कोई भी शिकायतकर्ता अगर आता है तो उसकी शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए। समस्त अधिकारी जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुने तथा उसका निस्तारण करें शासन के मंशानुरूप जन समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सभी कार्यालयाध्यक्ष प्रातः 10 बजे से जनता दर्शन के दौरान अपने क्षेत्र की समस्याएं सुनें एवं शिकायतकर्ता की समस्या को स्वतः संज्ञान ले और उसका नियमानुसार संवेदनशील होकर निस्तारण करें। उन्होंने कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान नजारत, जिला आपूर्ति कार्यालय, कलेक्ट्रेट प्रांगण, भूलेख रिकॉर्ड रूम सहित कलेक्ट्रेट सभागार व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

# आदिवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

सोनभद्र(आरएनएस)। ओबरा विधानसभा के जुगैल क्षेत्र में भीतरी ग्राम सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ की अध्यक्षता में स्थानीय समस्याओं के मद्देनजर ब्रह्मदेव गोड़ यहां गोष्ठी हुई। जिसमें स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं से जिला अध्यक्ष को रूबरू कराया। कहा कि यह हम सबके लिए बहुत दुर्भाग्य की बात है कि जिस विधानसभा में खुद मंत्री रहते हैं उसी विधान सभा में बिजली, पानी, नेटवर्क आदि मूलभूत सुविधाओं से यहां के लोग वंचित हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि खेतों में पट्टे से लेकर अन्य कार्यो के लिए उससे संबंधित अधिकारियों द्वारा पैसे की मांग की जा रही है। कई लोगों को अभी तक आवास भी नहीं मिल पाया है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? वनाधिकार कानून को लेकर जहां कांग्रेस ने इतना सम्मान दिया वहीं वर्तमान सरकार हम सबकी उपेक्षा कर रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा कि जहां एक ओर हमारी नेता राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आदिवासियों की हक की लड़ाई लड़ने के लिए घोरावल ऊम्भा तक चली आई वहीं दूसरी ओर यही विधानसभा में रहने वाले नेता इन आदिवासी समाज के लोगों की सुध नहीं ले पा रहे हैं। इस जिले में राम प्यारे पनिका जैसे नेता ने तमाम फैक्ट्रियां लगावाकर आदिवासियों को अधिकार दिलाने का काम किया। स्थानीय निवासी मर्जिया देवी ने कहा कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन के साथ सरकार द्वारा मिलने वाला लाभ उन लोगों को नहीं मिल पा रहा है, शंभू बैगन ने कहा कि भीतरी टोला के खंभे में लाइन नहीं दौड़ रही है नेटवर्क ना होने से अस्पताल और दुर्घटना की सूचना हम लोग नहीं दे पा रहे हैं, लालती देवी ने कहा कि बच्चों को पढ़ने की व्यवस्था भी यहां पर समुचित नहीं है अंधेरों में जीवन काटने को मजबूर है, समित लाल और प्रेमलाल ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था भी नहीं है हम किसी प्रकार से जीवन काट रहे हैं हमी जानते हैं, शंकर भारती ने कहा कि हम लोग के परिवार के बच्चे आगे कैसे बढ़ेंगे जब उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाएंगी। कांग्रेस नेता मनोज मिश्रा ने कहा कि जुगैल क्षेत्र अपने आप में जिले के बड़े क्षेत्र में आता है और नेताओं और अधिकारियों की उदासीनता दर्शाती है कि उनको स्थानी लोगों से कोई मतलब नहीं है और वह मनमाना करने पर उतारू हैं ।

# न्याय पंचायत स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

सुल्तानपुर(आरएनएस)। जिले के परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों का बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन। नौनिहालों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगो के मन मोह लिया। कुड़वार ब्लॉक के नरही और रवानिया पश्चिम में संकुल प्रभारी मोती खान और मुहम्मद अल्ताफ के संयोजन में न्याय पंचायत स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कुड़वार ब्लॉक अध्यक्षधजिला प्रतियोगिता निजाम खान ने किया।

नरही न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के परिणाम में प्राथमिक बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम आर्यन सिंह द्वितीय हर्षित मिश्रा तृतीय महताब खान रहे। प्राथमिक बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रिंसी नरही प्रथम अंशिका रेवती द्वितीय, शिवानी तृतीय100 मीटर प्राथमिक बालिका संवर्ग में जान्हवी प्रथम अंशू द्वितीय उम्मे आयत तृतीय स्थान प्राप्त किया।100 मीटर प्राथमिक बालक संवर्ग में अंकित प्रथम ,आर्यन द्वितीय राजन तृतीय स्थान पर रहे। 200मीटर प्राथमिक बालक संवर्ग में मोनू प्रथम रियान द्वितीय हर्षित तृतीय स्थान पाए। 200मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग प्रिंसी प्रथम शिवानी द्वितीय कुमकुम तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ यूपीएस बालक संवर्ग में शैलेश प्रथम,सनी



द्वितीय,शहीद तृतीय और बालिका संवर्ग में प्रियंका प्रथम दीपांशी द्वितीय अक्शा तृतीय स्थान पाई।सामूहिक खेल स्पर्धा कबड्डी प्राथमिक बालक संवर्ग में प्राथमिक विद्यालय नरही प्रथम प्राथमिक विद्यालय भाटी द्वितीय स्थान। प्राथमिक बालिका संवर्ग कबड्डी में पी एस नरही प्रथम पी एस पूरे रेवती द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूपीएस बालिका वर्ग कबड्डी में जासरपुर प्रथम भाटी द्वितीय स्थान। खो— खो पी एस बालक वर्ग लंगड़ी प्रथम हाजीपट्टी द्वितीय। यूपीएस बालक वर्ग में भाटी प्रथम धारूपुर द्वितीय स्थान प्राप्त किए। लम्बी कूद ,ऊंची कूद ,छक्का फेक,गोला थ्रो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि प्रस्तुत कर बच्चों ने मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध किया इत्यादि। खेल कूद प्रतियोगिता में निर्णायक मुहम्मद मुज्तबा अंसारी,फूल चंद,प्रदीप यादव,राजमणि उपाध्याय,विपिन, देवेंद्र प्रमोद ,अशरफ मोईद हरिकेश सिंह,आदि रहे।कुड़वार ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने दोनों न्याय पंचायत खेल कूद प्रतियोगिता में पहुंच कर बच्चों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने कहा परिषदीय स्कूलों के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास कराया जाए तो उत्कृष्ट प्रदर्शन निश्चित रूप से करेगे। खेलकूद से जहां एक ओर एशियन ओलंपिक तक पहुंच कर घर परिवार देश का नाम रोशन सकते है वही दूसरी तरफ मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास भी होता है। जब शरीर स्वस्थ रहता है मन मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। खेल कूद प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक बालक और बालिका वर्ग में स्पर्धाओं में बच्चों ने उत्कृष प्रदर्शन करने वाले नौनिहालों को बीईओ सुधीर सिंह ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण रजत कांस्य पदक और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।इस मौक पर कुड़वार अध्यक्ष निजाम खान, मंत्री बृजेश मिश्रा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक धर्मेंद तिवारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह, महताब हुसैन, सुनील कन्नौजिया, सुधीर सिंह, शशांक सिंह, अनिल सिंह लोकेश सिंह, हरीशचंद्र यादव, मुजफ्फर कलीम खान, सुनील यादव अखिलेश यादव राम पल यादव,राम सुमरन विश्वकर्मा राशिद अहमद आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विपुल शुक्ला ने किया।

# जगद्गुरु ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का किया शुभारंभ

चित्रकूट(आरएनएस)। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय एवं यंजना आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ आजीवन कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में गोस्वामी तुलसीदास सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य विषय पर रहा। पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महान विद्वान संत है। उनकी रचित रामायण अवधी भाषा में आज विश्व प्रसिद्ध रामचरितमानस जनमानस के समस्त समस्याओं का समाधान है। अवधी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला और अवधी भाषा को समुच्य भाषा माना है। प्रथम सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री विधा बिंदु सिंह ने कहा कि अवधी भाषा लोकलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस भाषा से सबको गौरव मिलता है। वर्तमान समय में फिल्मों में भी अवधी और भोजपुरी भाषा फिल्म का निर्माण हो रहा है जो कि एक महत्वपूर्ण योगदान है। मंच पर कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने जीवनपर्यन्त कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज और उनके उत्तराधिकारी रामचंद्र दास महाराज का स्वागत अभिनन्दन किया। द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विवि के डीन महेंद्र कुमार उपाध्याय, डा हरिकांत मिश्रा, डा सुशील कुमार, विनोद कुमार मिश्र, डा गुलाब धर, डा निहार मिश्रा, डा ज्योति, डा भविष्या माथुर, डा संध्या पांडेय, डा विशेष दुबे, डा किरण तिवारी, डा शांत चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



# खड़े ट्रक में घुसी बाइक, तीन युवकों की मौत

चित्रकूट (आरएनएस)। सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक घुसने से तीन युवकों की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।कर्वी कोतवाली क्षेत्र के कपसेठी निवासी कमलेश निषाद ने बताया कि उसका भतीजा अभिलाष (18) बुधवार की रात को अपने रिश्तेदार संजय कुमार (20) व टिकुरा निवासी राजू उर्फ छोटू (18) के साथ बाइक से देवी दर्शन करने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात को बेडीपुलिया से रामघाट की ओर जा रहे थे। जैसे ही तीनों रानीपुर भटट बिंदीराम होटल के पास पहुंचे तो सामने से किसी वाहन की तेज रोशनी से बाइक चालक का संतुलन बिगड़ा और अनियंत्रित बाइक सडक पर ही खड़े एक ट्रक के नीचे घुस गई। बाइक की गति तेज होने से ही तीनों सवार व बाइक ट्रक के अगले पहिये तक पहुंचे गये। घटना की जानकारी होते ही कोतवाल उपेंद्र सिंह व सीतापुर प्रभारी अनिल गुप्ता हमराहियों के साथ पहुंचे।स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को ट्रक के नीचे से निकाल कर एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने तीनों का प्राथमिक इलाज के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। इसी बीच एक युवक की अस्पताल में मौत हो गई। जबकि अन्य दो की प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

# कलाम शिक्षा को आवश्यकता मानते है

फोटो 03

सुल्तानपुर(आरएनएस)। राणा प्रताप पी जी कॉलेज के एजुकेशन डिपार्टमेंट में डॉ ए पी जे अब्दुल के जन्मदिन जो विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों की उपादेयता रखा गया था। इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी सिंह ने कहा कि डॉ कलाम का मानना था कि मानवता के अभ्युत्थान के लिए, मानवीयता के संवेदात्मक पल्लवन के लिए तथा स्वात्मा को सर्वात्मा की दिशा दिखाने के लिए समय—समय पर मनीषी अवतरित होते रहते हैं, जो प्रचलित संकीर्णताओं की श्रंखला को विच्छिन्न कर जाति, धर्म, देश, काल आदि की सीमाओं को नकारकर अशेष विश्व के अपने हो जाते है, विराट विश्वात्मा का रूप बन जाते है। प्रत्येक प्राणी की पीड़ा उनके अपने प्राणों का स्वन्दन बन जाती है, परोपकार का पथ उनका अपना पथ बन जाता है तथा अपने देश की उन्नति अपनी उन्नति बन जाती है। डॉ० कलाम जी स्वयं अल्पसंख्यक समाज में उत्पन्न हुए थे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को बचपन से देखा और महसूस किया कि भारत में आज भी बहुत ज्यादा गरीबी और भुखमरी है। इनके हृदय में यही प्रश्न

बार—बार उठता है कि क्या गरीब परिवार में जन्म लेना अभिशाप है? डॉ० कलाम के जीवन की अन्तर्वेदना इस बात से उपजी थी कि भारत में एकात्म दर्शन को विस्तृत कर दिया गया है। उन्होंने भारत को विज्ञान तथा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी देशों की पंक्ति में लाने के लिए अपने जीवन का कार्य क्षेत्र चुना। डॉ० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम का महत्व वैज्ञानिक क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान, सामाजिक उत्थान का आहह्वान एवं सन्देश, ज्ञान की नई अवधारणा एवं उद्धारक के रूप में जाना जाता है।निष्कर्ष— इस प्रकार डॉ० कलाम शिक्षा के क्षेत्र में भारत के प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करना चाहते है तथा भारत को पूर्व काल की भाँति विश्वमंच पर जगदगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करना चाहते हैं।

# अज्ञात चोरों ने पक्के मकान में लगाई सेंध, मुकदमा दर्ज

लालगंज, मीरजापुर(आरएनएस)। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत कोठी गांव के कोल्हुआ मौजा में बीती रात अज्ञात चोरों ने पक्के मकान के दरवाजे में लगा ताला खोलकर एलईडी टीवी के साथ नगदी चुरा ले गए। बुधवार सुबह गृह स्वामी मकान में लगे दरवाजे को खोलकर देखा तो पलंग पर रखा कपड़ा और बाक्स में रखा सामान इधर—उधर बिखरा देख होश उड़ गये। टीवी और नकदी गायब होने की जानकारी होते ही पीआरबी 112को सूचित किया। सूचना मिलने पर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने में जुट गई। पीड़ित कोल्हुआ निवासी राधेश्याम दुबे ने लहंगपुर चौकी पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने बताया कि बीती रात हम घर से कुछ दूर पाही पर सोने गया था बाकी घर के सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे कि अज्ञात चोर मकान के दरवाजे पर लगे ताला खोलकर एलईडी टीवी 32इंच का और बॉक्स में रखा 10000 रुपए लेकर चंपत हो गये । सबसे बड़ी बात तो यह है कि मकान के दरवाजे में लगे ताला को खोलकर सामान निकालने के बाद फिर से ताला बंद कर अज्ञात चोर फरार हो गए। चोरी की घटना से गांव में दहशत व्याप्त है।

# होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

चित्रकूट(आरएनएस)। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर तपोस्थली लालापुर मे गुरुवार को होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग ने निःशुल्क शिविर का आयोजन किया। जिसमे कुल 568 तीर्थयात्रियो के स्वास्थ्य परीक्षण व निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। शिविर मे डा दिलीप सिंह जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सक डा मुकेश कुमार पांडेय, डा प्रीती झा, डा कुसमेंद्र सिंह, अशोक कुमार तिवारी, सुशील कुमार सिंह फार्मासिस्ट, पंकज कुमार पटेल, अश्वनी कुमार ओझा योग प्रशिक्षक, रामबाबू, बृजेश कुमार सिंह, जुगल किशोर पांडेय, उदयभान ने सेवा कार्य किया।



## काशी के अस्मिता पर प्रश्न?



प्रयागराज। मंगलवार को कांग्रेस कमेटी महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन दिया। आग्रह किया कि काशी के गौरवशाली विरासत को बचाने के लिए बीजेपी सरकार निर्देशित करें। प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि संपूर्णानंद जी का बनारस का वैदिक ष्नामकरणष वाराणसी करने में महत्वपूर्ण योगदान था, बनारस से संपूर्णानंद जी का नाम हटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साजिश का परिणाम है। बनारस स्टेडियम से संपूर्णानंद जी के नाम को हटाने से बनारस के लोग बहुत दुखी हैं क्योंकि ये बनारस के विरासत को मिटाने की साजिश है। ऐसा ही कृत्य लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल गुजरात स्टेडियम मोटेरा अहमदाबाद का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम करने का घृणित कार्य बीजेपी सरकार पहले कर चुकी है। यदि सरकार बनारस स्टेडियम में संपूर्णानंद जी का नाम नहीं अंकित कराती है तो कांग्रेस पार्टी बड़े आन्दोलन करने को बाध्य होगी।

## इविविः उच्चतम न्यायालय ने खारिज की

प्रयागराज। पिछले आठ वर्षों से इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने वाले स्वयंभू छात्रनेता अजय सिंह की याचिका उच्च न्यायालय के उपरान्त सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दी। याचिका दाखिल कर डबल एमए करने की मांग की थी। क्योंकि इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने एप्लिकेशन को यह बताते हुए खारिज कर दिया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी जया कपूर ने बताया कि डबल एमए करने के लिए पूर्व की उपाधियों में उच्च कोटि का प्रदर्शन और प्रार्थी को अपनी विश्वसनीय रुचि दिखानी होती है। अजय सिंह पर पिछले कई वर्षों से विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण कई मुकदमे भी लंबित हैं। उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय के फैसले को सही मानते हुए अजय सिंह कि अपील खारिज की थी। जिसके विरुद्ध वह पुनः सर्वोच्च न्यायालय की शरण में गया था। 16 अक्टूबर 2024 को सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उसकी याचिका को सिरे से खारिज कर के इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पक्ष में फैसला सुनाया। ऐसे छात्र जो संस्था को शिक्षा प्राप्ति के स्थान पर निजी स्वार्थ सिद्धि के लिए इस्तेमाल करते हैं, संस्था के लिए आर्थिक बोझ बन जाते हैं। अपने पक्ष के सही होने के बावजूद विश्वविद्यालय को न्यायिक प्रक्रिया के अतंर्गत वकीलों को भारी शुल्क देना पड़ता है और कानूनी प्रकोष्ठ की ऊर्जा भी बर्बाद होती है।



## सपा प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी का नामांकन आज

प्रयागराज। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार



मुजतबा सिद्दीकी तेईस को जिला कचेहरी में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मीडिया प्रभारी दान बहादुर के अनुसार मुजतबा सिद्दीकी दोपहर बारह बजे जिला कचेहरी पहुंचेंगे। वह अपना नामांकन तीन सेट में दाखिल करेंगे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों सहित पार्टी के कार्यकर्त्ता आनंद हॉस्पिटल के पहले जहाज चौराहे पर उपस्थित रहेंगे।


### उत्तर मध्य रेलवे

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) कार्यालय, प्रयागराज**

**सं0:** सीएम-1/एटीवीएम/फैसीलिटेटर/महाकुम्भ मेला/पार्ट-2/प्रयागराज/2025 **दिनांक:** 17.10.2024

**यह आवेदन नौकरी हेतु नही है।**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रयागराज (संगम एरिया सहित), सूबेदारगंज, नैनी एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों (विस्तृत सूची अनुलग्नक-बी पर संलग्न है) पर **महाकुम्भ मेला 2025 (दिनांक 11.01.2025 से 28.02.2025 तक)** के दौरान एटी0वी0एम0 (आटोमैटिक टिकट वेण्डिंग मशीन) के लिए फैसिलिटेटर के रूप में लगाये जाने हेतु इच्छुक सामान्य नागरिकों एवं सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से बन्द लिफाफे में आवेदन आमंत्रित करते हैं:-

**स्टेशन का नाम:** प्रयागराज (संगम एरिया सहित), सूबेदारगंज, नैनी एवं प्रयागराज-छिवकी

| | | |
|---|---|---|
| **कार्य की अवधि:** 11.01.2025 से 28.02.2025 | **बयाना राशि:** शून्य | **आवेदन का मूल्य:** ₹ 100/- |

(1) सभी सम्बन्धित नियमों एवं शर्तों के साथ आवेदन (अधिसूचना की तिथि से प्रारम्भ होकर) **दिनांक 20.11.2024 को 11.00 बजे** तक उपलब्ध है। आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार तक) **समय 09.00 बजे से 17.00 बजे** तक मिर्जापुर, प्रयागराज, प्रयागराज-छिवकी, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़ के बुकिंग कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन फार्म का मूल्य रु0 100/- रुपये (अप्रतिदेय) है, जिसे बुकिंग कार्यालय में जमा करना होगा और मूल एम0आर0 को आवेदन फार्म के साथ नत्थी करना होगा। (2) आवेदन फार्म उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फार्म का मूल्य रु0 100/- है। आवेदक को आवेदन के साथ किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज, के पक्ष में जारी रु0 100/- का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 डाउनलोड आवेदन फार्म के मूल्य के रूप में संलग्न करना होगा। (3) विधिवत पूर्णतः भरे हुए तथा सभी औपचारिकताओं के साथ पूर्ण आवेदन फार्म बन्द लिफाफे में **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक**, वाणिज्य शाखा, द्वितीय तल, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज के कार्यालय में **दिनांक 20.11.2024 को 13.00 बजे** तक प्राप्त किए जायेंगे और उन्हें उसी दिन **15.00 बजे** खोला जाएगा। यदि किसी कारण से उक्त तिथि को अवकाश घोषित कर दिया जाता है, तो अगले कार्य दिवस में उसी स्थान और समय पर आवेदन खोले जायेंगे। (4) विलम्ब से प्राप्त आवेदन न तो स्वीकार किए जायेंगे और न उन पर विचार किया जायेगा तथा अधूरे/गलत भरे हुये फार्म अस्वीकार/निरस्त कर दिये जायेंगे। (5) रेल प्रशासन किसी भी आवेदन को किन्हीं भी परिस्थितियों में स्वीकार/अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

**महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. (1 नवम्बर 2024 से प्रभावी) 1800 4199 139** 1827/24 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# वायू वीर विजेटा कार रैली






प्रयागराज। भारतीय वायु सेना ने IAF एयर वॉरियर्स और दिग्गजों के लिए आदर्श वाक्य वायू वीर विजेटा के साथ एक मेगा–कार रैली का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य था कि ष्सदा विजेता भारत–वीर विजेता वीरष की भावना पैदा करने के उद्देश्य से, थोइज, लद्दाख से तवांग, अरुणाचल प्रदेश से 08 अक्टूबर 24 से 29 अक्टूबर 24 अक्टूबर। 13 मारुति जिमी वाहनों में सेवारत कर्मियों, एयर वेडेंस और नागरिकों सहित कुल 55 प्रतिभागियों को विभिन्न स्थानों पर लगभग 16 एन–राउट हॉल्ट्स बनाएंगे। म्दतवनजम, वे युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे और कॉलेजधविश्वविद्यालयों में युवाओं के साथ बातचीत करेंगे ताकि उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा सके। जनसंपर्क अधिकारी रक्षा प्रयागराज रेंज समीर गंगाखेडकर ने बताया कि मेगा कार रैली एयर फोर्स स्टेशन दरभंगा में एक महत्वपूर्ण पंडाल बनाएगी, जहां इसका उद्देश्य कॉलेज के छात्रों के साथ जुड़ना और राष्ट्र के प्रति देशभक्ति और कर्तव्य की भावना पैदा करना है। 01 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युद्ध मेमोरियल से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा रैली को औपचारिक रूप से ध्वजांकित किया गयाण् विश्व के सबसे ऊंचे एयरबेस में शामिल थोइस से यह रैली निकली और 29 अक्टोबर 24 को तवंग पहुचेगीण् दरभंगा से निकालकर अगला पड़ाव बागडोगरा पाहुच गयी हैण्।

## सीआरपीएफ ने लद्दाख में चीनी सेना को विफल किया





प्रयागराज। फाफामऊ स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केंद्र द्वारा इक्कीस अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस उपमहानिरीक्षक धीरज कुमार ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि वर्ष 1959 में आज ही के दिन सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन की एक कंपनी के 21 जवानों के गश्ती दल ने हॉट स्प्रिंग लद्दाख में चीनी सेना के एक बहुत बड़े दस्ते के आक्रमण को विफल किया। इस दौरान मातृभूमि की रक्षा करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 शूरवीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी मातृभूमि पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले इन वीर जवानों के अदम्य साहस को नमन करने के लिए प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्थित दिवस मनाया जाता है। हमारे बल के लिए यह गौरव की बात है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनीत कु राय, द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार सक्सेना, संयुक्त अस्पताल डॉक्टर मधुकांत, डॉक्टर शंकर लाल चाहर, डॉक्टर अतुल कुमार, ग्रुप केंद्र, सहायक कमांडेंट अविनाश राय, सहायक कमांडेंट प्रभात पांडे, सहायक कमांडेंट धर्म नारायण बोराणा, सहायक कमांडेंट मंत्रालय मनोज कु तिवारी, सहायक कमांडेंट मंत्रालय मनोज कुमार सिंह ने शहीद स्थल पर उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ चुनाव संपन हुआ।



प्रयागराज। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ मण्डल का चुनाव अध्यक्ष उ. प्र. अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ प्रदीप सिंह, प्रदेश मंत्री चंद्र भान तिवारी, आ. भा. ग्रामीण डाक सेवक संघ उ. प्र. के देख रेख मे प्रधान डाकघर प्रयागराज मे संपन हुआ जिसमे निम्न लिखित पदाधिकारी चुने गये। अध्यक्ष– संजय कुमार, बी. पी. एम. टांडा कौशांबी सहा. अध्यक्ष – उमा देवी, बी. पी. एम. कीराव मऊआइमा प्रयागराज, उपाध्यक्ष– वीरेंद्र कुमार शुक्ला, बी. पी. एम. बीछयां मेजा प्रयागराज, उपाध्यक्ष ल स्वतंत्र कुमार पाण्डे बी. पी. एम. बमैला, हंडिया, उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव, बी. पी. एम. ओशा सिराथू महामंत्री दीपक सिंह, बी. पी. एम. कतवारूपुर हनुमानगंज, सहा. मंत्री ज्ञान चंद भारतीय, बी पी एम गनवा सिराथू सहा. मंत्री मलय नरेश दिरवेदी, बी पी एम बहरैली भरवारी, सहा. मंत्री अशोक कुमार दिरवेदी, बी पी एम हरियापुर, सराय अकिल कौशांबी संगठन मंत्री– मोहम्मद फोरत अब्बास, बी पी एम, डेज् मेडिकल बी ओ प्रयागराज, सहा. संगठन मंत्री कमलेश तिवारी, बी पी एम, खपटीया सैदाबाद, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद जायसवाल, बी पी एम, चका सैदाबाद, सहा. कोषाध्यक्ष अनुरुद् कुमार तिवारी, बी पी एम, कादीपुर कौशांबी, आय– व्यय निरीक्षक– नेहा मौर्य, ए बी पी एम टांडा सिराथू युक्त कार्यक्रम मे जे पी सिंह, अध्यक्ष, अ. भा. ग्रामीण संघ बनारस, अनिल सिंह, वराणसी, प्रमोद सिंह, राजमणि तिवारी, प्रमोद कुमार राय, बब्बन सिंह,गाजीपुर, सुजीत सिंह आनंद तिवारी, देवेंद्र सिंह, उपस्थित रहे। राजेश वर्मा, जनसंपर्क निरीक्षक, प्रधान डाकघर प्रयागराज के देख रेख मे चुनाव संपन हुआ।


### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ.&एफ.), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती हैं-

| | | |
|---|---|---|
| **GeM बिड संख्या :** GEM/2024/B/5516424 Dated : 18.10.2024 | | |
| **निविदा सिस्टम :** एकल पैकेट सिस्टम | **कार्य का अनुमानित लागत (रु. में) :** 1834108.92 | |
| **कार्य का नाम :** कुंभ मेला-2025 के लिए 81 दिनों की अवधि के लिए माल परिवहन हेतु वाहन किराये पर लेना। | | |
| **EMD (रु.) :** 36690 | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य | **कार्य की अवधि :** 81 Days |
| **GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :** 18.10.2024 | | |
| **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 01.11.2024 & 15:00 | | |

**नोट :** 1. उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.Gem.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा खुलने की नियम तिथि तक। 2. उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। 3. संलग्न किए जा रहे दस्तावेज पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। 4. सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। 5. किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। 6. ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। 7. जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है।

**महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. (1 नवम्बर 2024 से प्रभावी) 1800 4199 139** 1838/24 (D)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in




Photos of Special lecture held in gandhi thought and peace studies centre. University of Allahabad

## लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव के संरक्षण में विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर में "लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिताष का आयोजन किया गया जिस्म प्रतिभागियों को एक व्यावसायिक




संगठन के लिए लोगो बनाना था। प्रतियोगिता का आरंभ 01 अक्टूबर 2024 को हुआ और प्रविष्टियाँ जमा करने का अंतिम दिन 22 अक्टूबर 2024 था। यह कार्यक्रम नवकल्पना इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन, सेक्शन 8 कंपनी के निदेशक प्रोफेसर एस.आई. रिजवी और प्रोफेसर आशीष खरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजान डॉ. शेफाली नंदन, समन्वयक, इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना और उन्हें व्यावसायिक अनुप्रयोग के लिए रचनात्मक डिजिटल डिजाइनिंग का उपयोग करना सीखने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में 25 विभागों के 81 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रोफेसर शांति सुंदरम इस पार्टियागिटा की समन्वयक थीं तथा डॉ. राजेश कुमारी कार्यक्रम की सह–समन्वयक थीं। इनक्यूबेशन सेल के अन्य सदस्य, डॉ. सीमांत श्रीवास्तव, डॉ. चाकड़ोला पांडा, डॉ. चेरिता खानगेमबम, प्रोफेसर नीलम यादव, डॉ. रोहित सिंह उपस्थित रहे।

## शोध क्षेत्र के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया– प्रो जया कपूर

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र में तेरहवें जेंडर सर्टिफिकेट कोर्स के आरंभिक सत्र में केंद्र की निदेशक प्रो जया कपूर ने बताया कि जेंडर कोर्स समसामयिक शोध के कई पहलुओं




को छूता है। उसका विस्तृत सामयिक महत्व है। पिंक फेमिनिज्म जिसमें राष्ट्रवाद और महिला आंदोलन को जोड़कर देखने और इको फेमिनिज्म जिसमें पर्यावरण और स्त्री विमर्श को जोड़कर देखा जाता है जैसे शोध क्षेत्रों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। प्रो कपूर ने कोर्स की महत्ता तभी है यदि प्रतिभागियों द्वारा चुने हुए शोध विषयों में जेंडर विमर्श जोड़ उसे अधिक सामाजिक उपयोगिता एवं सार्थकता दी जा सकती है। प्रोफेसर सर्वजीत मुखर्जी ने महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर विषयक महत्ता का विवरण दिया। गुरपिंदर ने बताया कि कोर्स में राजनीति शास्त्र, समाजशास्त, विधि, साहित्य, विज्ञान, एवं मनोविज्ञान के विशेषज्ञ जेंडर विमर्श के विभिन्न पहलुओं बार विस्तार से चर्चा करेंगे।

# बीएचएसः अंतर–विद्यालय सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता ऐलफ्रेस्को 2024 का शुभारम्भ

प्रयागराज। बॉयज हाई स्कूल और कॉलेज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर–संस्थागत सांस्कृतिक और खेल उत्सव ष्एल्फ्रेस्को २०२४ष



मंगलवार को सेंट पैट्रिक ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. योगेश्वर तिवारी और शुआट्स के प्रो. (डॉ.) आरिफ ए. ब्रॉडवे गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर प्रिंसिपल डी. ए. ल्यूक ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत भाग लेने वाले स्कूलों द्वारा शानदार मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसके बाद स्कूल कैप्टन समर्थ खरे ने स्कूल गीत गाया और शपथ ली। अपने उद्घाटन भाषण में श्री प्रवीण पटेल ने समग्र व्यक्तित्व निर्माण के लिए अच्छे शिक्षण संस्थानों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के लिए ऐसे प्रतिष्ठित स्कूल में प्रवेश पाना अभी भी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने नई पीढ़ी को सोशल मीडिया की लत से दूर करने और उन्हें नेतृत्व और खेल कौशल सीखने के लिए खुले मंच पर लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। अंत में, उन्होंने कहा कि इस निर्वाचन क्षेत्र के एक लोक सेवक के रूप में उनके लिए यह बहुत गर्व की बात है कि बीएचएस जैसी संस्था और कॉलेज के पूर्व छात्र राष्ट्रीय मंच पर सबसे प्रतिष्ठित स्थान पर हमारा प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शैक्षणिक संस्थानों में द बिशप को–एड स्कूल (Bishop's) पुणे, सेंट जॉन्स को–एड स्कूल, डी.पी. पब्लिक स्कूल (DPPS), खेलगांव पब्लिक स्कूल (KPS), टैगोर पब्लिक स्कूल (TPS), श्रीनिवास रामानुजन पब्लिक स्कूल, बाल भारती स्कूल, एर्नी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिशप जॉनसन स्कूल एंड कॉलेज और मेजबान बॉयज हाई स्कूल (BHS) एंड कॉलेज शामिल थे। इस मेगा फेस्ट में शैक्षणिक संस्थानों के कुल ५०० से अधिक उत्साही लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। पहला कार्यक्रम वाद–विवाद था, जिसका संचालन श्री रोवन ल्यूक ने किया। टीमों ने श्भारतीय शादी में बेशुमार धन प्रदर्शनश प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में तर्क दिए। इसके बाद क्विजिंग का शानदार दौर था जिसमें बीएचएस ने पहला स्थान हासिल किया।


सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062